CBSE PORTAL
www.cbseportal.com

# MODEL QUESTION PAPER
## HINDI - PAPER II
### MODERN HINDI

**Time : 3 Hours** **Max. Marks : 100**

---

## खण्ड (क)

### निर्देश : सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

1) निम्नलिखित पद्यांशों की संदर्भ-सहित व्याख्या कीजिए :- **2 x 6 = 12Marks**

अ) राम मैं पूजा कहा चढाऊँ। फल अरु मूल अनूप न पाऊँ।
थनहर दूध जो बछरू जुठारी। पुहुप भँवर जल मीन बिगारी।
मलयागिर बेधियो भुअंगा। विष अमृत दोउ एकै संगा।
मन ही पूजा मन ही धूप। मन ही सेऊँ सहज सरूप।
पूजा अरचा न जानूँ तेरी। कह रैदास कवन गति मेरी॥

**अथवा**

या लकुटी अरु कामरिया पर राज तिहुँपुर को तजि डारौ।
आठहुँ, सिद्धि नवौनिधि को सुख नन्द की गाय चराय बिसारौ॥
रसखानि कबौं इन आँखिन सों ब्रज के बन, बाग, तड़ाग निहारौ।
लेटिन हूँ कलधौत के धाम करीर के कुञ्जन ऊपर वारौ॥

आ) जड़ता, हिंसा, स्पर्धा में भर।
चेतना, अहिंसा, नम्र ओज।
पशुता का पंकज बना दिया,
तुमने मानवता का सरोज।

Downloaded from: www.cbseportal.com Courtesy: Telangana Board

CBSE PORTAL
www.cbseportal.com

**अथवा**

लगता है इन पिछले वर्षों में
सच्चे-झूठे, मीठे-कड़वे संघर्षों में
इस घर की छाया थी छूट गई अनजाने
जो अब झुक कर मेरे सिरहाने !

2) किन्हीं **दो** गद्यांशों की संदर्भ-सहित व्याख्या कीजिए :- **2 x 6 = 12 Marks**

अ) सोचने वाला दुःखी होता है, न सोचने वाला निर्द्वन्द्व रहता है।

आ) कुछ लोग बड़े निर्दोष मिथ्यावादी होते हैं, वे आदतन प्रकृति के वशीभूत झूठ बोलते हैं।

इ) "जब फिर उस ओर जाने का मुझे अवकाश मिल सका तब घीसा को उसके भगवान जी ने सदा के लिए पढ़ने से अवकाश दे दिया था।"

ई) " यह कैसे हो सकता है ? तुम कांग्रेसी या कम्युनिस्ट या प्रजा-समाजवादी या हिन्दू सभाई, तुम कुछ न कुछ हुए बिना कैसे कह सकते हो?"

3) किसी **एक** कविता का सारांश लिखिए :- **1 x 10 = 10 Marks**

(1) बुद्ध और नाचघर (2) क़स्बे की शाम (3) स्वर्ण स्वप्न देश का

4) किसी **एक** पाठ का सारांश लिखिए:- **1 x 10 = 10 Marks**

(1) शरणदाता (2) घीसा (3) जहाँ आकाश दिखाई नहीं देता

5) अ) हर्षवर्धन के मन में वैराग्य क्यों उत्पन्न हुआ ? **1 x 10 = 10 Marks**

**अथवा**

राज्यश्री के दुर्भाग्यपूर्ण जीवन का चित्रण कीजिए।

आ) किसी **एक** पात्र का चरित्र-चित्रण कीजिए :- **1 x 6 = 6 Marks**

(1) विकटघोष (2) सुरमा

Downloaded from: www.cbseportal.com Courtesy: Telangana Board

CBSE PORTAL
www.cbseportal.com

## खण्ड (ख)

6) जनसंचार की परिभाषा लिखते हुए उसके महत्व को समझाइये। 1 x 8 = 8 Marks

**अथवा**

विज्ञापन किसे कहते हैं ? वर्तमान समाज में विज्ञापन की क्या भूमिका है ?

7) अ) हिंदी शब्दावली प्रस्तुत कीजिए:- 1 x 8 = 8 Marks

(1) Chlorophyl (2) Hybrid (3) Bacteria (4) Marine
(5) Blood Bank (6) Biologist (7) Surgeon (8) Dialysis

आ) किन्हीं **दो** अलंकारों के लक्षण बताते हुए सोदाहरण समझाइये :- 2 x 4 = 8 Marks

(1) उपमा (2) रूपक (3) यमक (4) वक्रोक्ति

इ) किन्हीं **दो** छन्दों के लक्षण बताते हुए उदाहरण दीजिए :- 2 x 4 = 8 Marks

(1) दोहा (2) चौपाई (3) रोला (4) सोरठा

ई) किसी **एक** शब्द शक्ति के बारे में लिखिए:- 1 x 8 = 8 Marks

(1) अभिधा (2) व्यंजना

Downloaded from: www.cbseportal.com Courtesy: Telangana Board